


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 284 पृष्ठः 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group




# 'न्यायिक प्रक्रिया से मोहभंग का खतरा'

= मुकदमों का फैसला आने में देरी पर अदालत की बड़ी टिप्पणी, लंबित मामलों के तेज निपटारे पर सुप्रीम कोर्ट का जोर

**टिप्पणी**

8 लंबित मामलों को निपटाने और सुनवाई टालने के तरीकों पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय कदम उठाएं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा है कि लंबित मामलों को निपटाने और सुनवाई टालने के तरीकों पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाने की तत्काल आवश्यकता है। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने दिए गए आदेश में जिला और ब्लाक स्तर की सभी अदालतों को समन की तामील कराने, लिखित बयान दाखिल करने, दलीलों को पूरा करने, याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार या इन्कार करने की रिकार्डिंग और मामलों के त्वरित निपटारे आदि के निर्देश दिए।

**5 साल से अधिक समय से लंबित सिविल मामलों की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट की तेजी:** पीठ ने पांच साल से अधिक समय से लंबित पुराने मामलों की लगातार निगरानी के लिए संबंधित राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों द्वारा समितियों के गठन का भी निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि लोग न्याय की आस में अपने वाद दायर करते हैं, इसलिए सभी हितधारकों को यह सुनिश्चित करने की बड़ी जिम्मेदारी है कि न्याय मिलने में देरी के कारण इस प्रणाली में लोगों का विश्वास कम न हो।

### कानून व्यवस्था ने भी 'ऐतिहासिक गलतियों' को कायम रखा'

**टीम एक्शन इंडिया/न्यूयॉर्क**
**देश** के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि हाशिए पर मौजूद सामाजिक वर्गों के खिलाफ हुई ऐतिहासिक गलतियों को कायम रखने में, दुर्भाग्य से कानून व्यवस्था ने भी अहम भूमिका निभाई है। अमेरिका में मैसाच्युसेट्स की ब्रांडेस यूनिवर्सिटी में 'डॉ. बीआर अंबेडकर की अधूरी विरासत' पर छठे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने ये बात कही। अपने संबोधन में भारत के चीफ जस्टिस ने कहा कि 'इतिहास में हाशिए पर छूटे सामाजिक वर्गों को खिलाफ सामाजिक असमानता, पूर्वाग्रह और शक्ति के असंतुलन के चलते कई ऐतिहासिक गलतियां हुईं।

### 'मुकदमे के बाद मौखिक दलीलें तुरंत सुनी जाएंगी'

**आदेश** में कहा गया है कि मुकदमे के बाद मौखिक दलीलें तुरंत और लगातार सुनी जाएंगी और निर्धारित अवधि के भीतर फैसला सुनाया जाएगा। न्यायालय ने यह आदेश यशपाल जैन की याचिका पर दिया, जिन्होंने एक दीवानी मुकदमे में उत्तराखंड हाई कोर्ट के 2019 के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। वहां एक स्थानीय अदालत में 43 साल पहले शुरू हुआ यह मामला अब भी जारी है। पीठ ने हाई कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया।

## हिमनद झीलों के खतरों का पता लगाएगी केंद्र सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार हिमनद झीलों से होने वाले खतरे का पता लगाने की तैयारी कर रही है। केंद्र सरकार राज्यों के सहयोग से जमीनी सर्वेक्षण के जरिये देश में सभी हिमनद झीलों के खतरे का पुनर्मूल्यांकन करेगी। हिमनद झील बाढ़ (जीएलओएफ) के बारे में जानकारी का प्रसार करने के लिए निगरानी प्रणाली स्थापित की जाएगी।

**सिक्किम में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद लिया गया फैसला:** यह निर्णय इस महीने की शुरूआत में भारी बारिश के कारण सिक्किम के ल्होनक झील में उफान से आई विनाशकारी बाढ़ के बाद लिया गया है। बाढ़ के



कारण कम से कम 60 लोगों की मौतें हुईं और व्यापक क्षति भी हुई। इसके कारण चुंगथांग बांध भी नष्ट हो गया, जिसे तीस्ता-3 बांध के रूप में भी जाना जाता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सूत्र ने कहा, देश में हिमनद झीलों की संवेदनशीलता का व्यापक मूल्यांकन आवश्यक है। इन झीलों के बारे में हमारी वर्तमान समझ मुख्य रूप से 'रिमोट सेंसिंग' (सुदूर संवेदन) पर आधारित है।

## 'नवंबर में आयोजित होगी भारत-अमेरिका की 2+2 बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व** के कई हिस्से में फैली अशांति के बीच, भारत और अमेरिका 9-10 नवंबर के आसपास नई दिल्ली में 2+2 बैठक आयोजित करने वाले हैं। अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन राष्ट्रीय राजधानी में विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करने वाले हैं।

**2018 में हुई थी पहली बैठक:** सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान नेताओं के इजरायल-हमास युद्ध के कारण मध्य पूर्व में उभरती स्थिति सहित वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने की उम्मीद है। 2+2 मंत्रिस्तरीय संवाद एक राजनयिक शिखर सम्मेलन है, जो 2018 में शुरू हुई थी और हर साल शुरू में विदेश मंत्री और भारत के रक्षा मंत्री के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के राज्य सचिव और रक्षा सचिव के बीच चर्चा के लिए आयोजित किया जाता है।



**चर्चा होगी**

8 अमेरिकी रक्षा सचिव और विदेश मंत्री एंटनी विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ से मिलेंगे

## भारत के महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी का निधन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत के पूर्व क्रिकेटर बिशन सिंह बेदी का निधन हो गया है। वह 77 साल के थे। बेदी ने भारत के लिए कुल 77 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 273 विकेट झटके थे। बेदी को भारतीय टेस्ट इतिहास के बेहतरीन स्पिनरों में माना जाता है। उन्होंने अपने दम पर देश को कई मैच जिताए थे। बिशन सिंह बेदी के बेटे का नाम अंगद बेदी और बहु का नाम नेहा धूपिया है। ये दोनों भारतीय फिल्म जगत में जाना-माना नाम हैं। बेदी ने भारत के लिए 1966 से 1979 तक टेस्ट क्रिकेट खेला था। वह भारत की मशहूर स्पिन चौकड़ी का हिस्सा रहे हैं। उनके अलावा इसमें इरापल्ली प्रसन्ना, श्रीनिवास वेंकटराघवन और भागवत चंद्रशेखर थे।

## आपराधिक कानूनों के बदले तीन नए बिलों को अंगीकार करेगी संसदीय समिति

**मंथन होगा**

8 भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम के तीन आपराधिक कानूनों को हटाने पर बैठक करेगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गृह** मामलों की स्थायी संसदीय समिति इसी हफ्ते 27 अक्टूबर को भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम के तीन आपराधिक कानूनों को हटाने पर बैठक करेगी। इस दिन उनके स्थान पर तीन नए बिलों भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य बिल को अंगीकार किया जाएगा। नई दिल्ली के पीएचए-एक्सटेंशन के कमरा नंबर-2 में 27 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे यह बैठक होगी।

**मसौदा रिपोर्ट पर किया जाएगा विचार:** भारतीय न्याय संहिता-2023 की 246 मसौदा रिपोर्ट, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 247 मसौदा रिपोर्ट और भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023 की 248 मसौदा रिपोर्ट पर विचार कर उसे अंगीकार किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने मंडी जिला के 3800 आपदा प्रभावितों को वितरित किए 31 करोड़ रुपये

## 16 हजार आपदा प्रभावितों का पुनर्वास करेगी राज्य सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पुनर्वास योजना के तहत जिला मंडी के 3800 आपदा प्रभावित परिवारों को प्रथम चरण में पहली किश्त के रूप में 31 करोड़ रुपए की धनराशि आबंटित की। विशेष राहत पैकेज के तहत उन्होंने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में 3.3 लाख रुपए तथा अन्य प्रभावितों को मुआवजे की पूरी धनराशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार हिमाचल प्रदेश इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी से गुजर रहा है। कभी कल्पना भी नहीं की थी कि ऐसी तबाही आएगी। उन्होंने इस तबाही को स्वयं देखा और इसे युद्ध की तरह लडने का फैसला किया। इस अभूतपूर्व चुनौती का सामना करने के लिए सभी मंत्रियों और विधायकों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस व अन्य कर्मचारियों ने एकजुटता का परिचय दिया। प्रदेश में फंसे 75 हजार पर्यटकों को एक मिशन के रुप में सुरक्षित निकाला गया। 48 घंटों में बिजली, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं को अस्थाई रूप से बहाल किया। आपदा से प्रदेश में 12000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसके साथ-साथ राजस्व को भी हानि हुई।



**मदद**

8 क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण के लिए 3.3 लाख की प्रथम किश्त जारी, हिमाचल सबसे बड़ी त्रासदी से गुजर रहा




# मुख्यमंत्री ने नानकमत्ता में मां दुर्गा मंदिर का किया लोकार्पण

## मुख्यमंत्री ने मंदिर के सौंदर्यीकरण और नानकमत्ता क्षेत्र के विकास के लिए मिनी मास्टर प्लान बनाने की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।** मुख्यमंत्री ने बंगाली कॉलोनी, नानकमत्ता पहुंचकर श्री मां दुर्गा मंदिर का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर के सौंदर्यीकरण, नानकमत्ता क्षेत्र के विकास के लिए मिनी मास्टर प्लान बनाने की भी घोषणा की। मन्दिर परिसर पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री को स्मृति स्वरूप माता दुर्गा की प्रतिमा भेंट की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को भक्ति और शक्ति के प्रतीक दुर्गा महोत्सव, शारदीय नवरात्र, विजयादशमी, भैया दूज, गोवर्धन पूजा, रामनवमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि आज उन्हें मां दुर्गा के इस भव्य मंदिर का उद्घाटन कर प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली की कामना करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने बंगाली समाज का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, राजा राम मोहन राय सहित बंगाल के महान सपूतों को नमन किया,




जिन्होंने समाज को एक नई राह दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की भूमि से निकले महान व्यक्तित्वों ने जब जैसी आवश्यकता पड़ी तब शस्त्र और शास्त्र से, त्याग और तपस्या से मां भारती की सेवा की है। उन्होंने कहा कि चेतना हो या अध्यात्म, विज्ञान हो या कला और संस्कृति हर क्षेत्र में बंगाल ने देश को प्रगति की राह दिखाई तथा पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व भारत की एकता और पूर्णता का पर्व भी है। बंगाल की दुर्गा पूजा भारत की इस पूर्णता को एक नई चमक देती है, नए रंग देती है, नया श्रृंगार देती है। ये बंगाल की

**मां का आशीर्वाद**

> 8 आज उन्हें मां दुर्गा के इस भव्य मंदिर का उद्घाटन कर प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली की कामना करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

जागृत चेतना का, बंगाल की आध्यात्मिकता का, बंगाल की ऐतिहासिकता का प्रभाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में महिलाओं के सशक्तिकरण का अभियान जारी है। बेटी के जन्म से लेकर महिलाओं की सुरक्षा तक के लिए सरकार सजग है। उन्होंने आदि कैलाश, गुंजी और जागेश्वर सहित उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्र में आकर मानसखंड को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में रहने वाले हमारे बंगाली परिवारों की अर्से से कई मांगें लंबित थी, जिसे हमारी सरकार ने पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज के बच्चों के प्रमाण पत्र से पूर्वी पाकिस्तान शब्द हटाने और नजूल भूमि पर मालिकाना हक दिलाने का काम सरकार ने कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर में बंग भवन बनाया जायेगा और विभाजन विभीषिका स्मृति स्थल भी बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 8, 9 दिसंबर को देहरादून में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अब तक हुए रोड शो में 55 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश के करार हो चुके हैं। इस मौके पर विधायक शिव अरोड़ा, मेयर रामपाल सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक डॉ.प्रेम सिंह राणा, किसान आयोग उपाध्यक्ष राजपाल, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, मन्दिर कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र राय, रामू जोशी, शंकर राय, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सूरज रमोला होंगे विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष प्रत्याशी

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी।** कुमायूं के सबसे बड़े महाविद्यालय एमबीपीजी में छात्रसंघ चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चुनावी शंखनाद कर दिया है। विद्यार्थी परिषद पदाधिकारियों और पूर्व कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए सूरज रमोला,विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के लिए गौरव कांडपाल व सांस्कृतिक सचिव के लिए दिया पंगचावड़ी का नाम घोषित किया गया। प्रत्याशियों के नामों की घोषणा के बाद परिषद कार्यालय में ढोल बजा कर खुशियां मनाई गई और समर्थकों ने प्रत्याशियों को कंधे पर बैठाकर कॉलेज तक जुलूस निकाला। इस मौके पर अध्यक्ष प्रत्याशी सूरज ने कहा कि संगठन ने उन पर विश्वास कर उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरा करेंगे और छात्र शक्ति के समर्थन से महाविद्यालय के विकास के लिए कार्य करेंगे। नगर मंत्री निखिल सोनकर ने नामों की घोषणा की। इस मौके पर प्रांत सह संगठन मंत्री अंकित, विभाग संगठन मंत्री दीपक रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष बलराम, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दीपक सनवाल, संजय रावत, नीरज मेहरा, शिप्रा बसेड़ा, पान सिंह मेवाड़ी, इंद्रजीत सिंह, मुदित दुगार्पाल आदि मौजूद रहे।

## भाजपा सांसद साक्षी महाराज सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**श्यामपुर (देहरादून)।** ऋषिकेश कोतवाली क्षेत्र में सील निर्माण को तोड़कर निर्माण कार्य कराने के आरोप में मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के भाजपा सांसद साक्षी महाराज समेत पांच लोगों के खिलाफ आईडीपीएल पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ज्ञात हो कि उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश पर मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण ने आमबाग और विस्थापित क्षेत्र में हो रहे अवैध निमार्णों को सील किया था, लेकिन बिल्डर सील को तोड़कर निर्माण कार्य कर रहे थे।

# बदला मौसम का मिजाज...धाम में बर्फबारी, जमीं चार इंच तक बर्फ

**बिछी सफेद चादर**

> 8 उनियाल ने बताया है कि धाम में एक घंटे से बर्फबारी के साथ ही ओले भी पड़ रहें हैं

**टीम एक्शन इंडिया/बड़कोट ( उत्तरकाशी) :** यमुनोत्री धाम सहित आसपास की चोटियों पर बर्फबारी का सिलसिला जारी है। धाम में पहुंचे श्रद्धालुओं इस मनमोहक दृश्य का लुत्फ उठा रहे हैं। यमुनोत्री धाम से तीर्थ पुरोहित मनमोहन उनियाल ने बताया है कि धाम में एक घंटे से बर्फबारी के साथ ही ओले भी पड़ रहें हैं। दोपहर बाद रोजाना बारिश बर्फबारी से तापमान में गिरावट जारी है। दूसरी तरफ बर्फबारी के बाद प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के प्राकृतिक सौंदर्य में निखार आ गया है। हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए 11 अक्तूबर को बंद हो गए थे। कपाट बंद होने के बाद निरीक्षण के लिए श्री गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब ट्रस्ट की तीन सदस्यीय टीम हेमकुंड साहिब पहुंची। चार इंच तक बर्फ जम गई



गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि इस वक्त यहां चार इंच तक बर्फ जम गई है, यहां चारों ओर बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है।

उन्होंने बताया कि हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के बाद गोविंदघाट से किसी भी आम व्यक्ति को हेमकुंड साहिब जाने की अनुमति नहीं दी जाती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में 23 और 24 अक्तूबर को हल्की बारिश की संभावना जताई है। हालांकि, अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की दी शुभकामनाएं

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने सभी प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह त्योहार मनुष्य को अपने अंदर की बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस पर्व पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में समरसता और भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया है। राज्यपाल ने कहा कि हम इस पर्व को आपसी भाई-चारा, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलजुलकर मनाएं।

### ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस को पिंक वॉल से किया जागरूक

**ऋषिकेश।** ब्रेस्ट कैंसर जन जागरूकता माह के तहत एम्स के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में ब्रेस्ट कैंसर पर लोगों को जागरूक करने के लिए पिंक वॉल तैयार की गई। जिसके तहत दीवार पर बनाई गई गुलाबी कलाकृतियों के माध्यम से दुनिया में बढ़ते ब्रेस्ट कैंसर के मामलों के कारण, बचाव के उपाय, स्तन कैंसर की अपने स्तर पर जांच पड़ताल और चिकित्सकीय उपचार को लेकर विभिन्न जानकारियां दी गईं। "पिंक वॉल ऑफ अवेयरनेस" को प्रोत्साहित करने के लिए एम्स, ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह, डीन एकेडेमिक्स प्रो. डॉ. जया चतुर्वेदी ,चीफ ऑफ नर्सिंग रीता शर्मा एवं अन्य फैकल्टी सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्होंने इसके लिए छात्राओं द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की। गौरतलब है कि भारत में महिलाओं में पाया जाने वाला सबसे प्रमुख कैंसर "स्तन कैंसर " है, लिहाजा हर वर्ष अक्टूबर माह को " स्तन कैंसर जागरूकता माह" के रूप में मनाया जाता है। इसके अंतर्गत एम्स ऋषिकेश में विभिन्न विभागों की ओर से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कॉलेज ऑफ नर्सिंग,एम्स, ऋषिकेश की "बी.एस.सी. नर्सिंग" तृतीय वर्ष (बैच 2021) की छात्राओं द्वारा स्तन कैंसर जनजागरुकता के लिए एक प्रेरणादायी व रचनात्मक प्रयास किया गया। प्राचार्य,कॉलेज ऑफ नर्सिंग प्रो. (डॉ.) स्मृति अरोड़ा व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रुचिका रानी के मार्गदर्शन में नर्सिंग छात्राओं ने इस वर्ष की थीम "थ्राइव 365" पर आधारित स्तन कैंसर से संबंधित तथ्यों व जानकारियों को कॉलेज ऑफ नर्सिंग की दीवार पर प्रस्तुत किया। "पिंक वॉल ऑफ अवेयरनेस" के तहत तैयार की गई कलाकृतियों के जरिए लोगों को ब्रेस्ट कैंसर से जुड़े आंकड़े, बीमारी के लक्षण, कारण, जांच के तौर तरीके व बचाव के उपाय सहित तमाम जानकारियां उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही इस बीमारी से ग्रसित मरीज के मनोबल को बढ़ाने के स्लोगन लिखी तख्तियां भी प्रदर्शित की गई।

### लापता हुआ किशोर को बेंगलुरु से ढूंढ लाई पुलिस

**हरिद्वार।** घर से बिना बताए गए किशोर को पुलिस ने सकुशल कर्नाटक से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बीती 14 अक्टूबर को सेठपाल पुत्र सुबेराम निवासी ग्राम शाहपुर थाना खानपुर हरिद्वार का बेटा 16 वर्षीय रितिक 30 सितम्बर को घर से बिना बताए कहीं चला गया। काफी तलाशने के बाद भी जब रितिक का कुछ पता नहीं चला तो रितिक के पिता सेठपाल ने 14 अक्टूबर को खानपुर पुलिस को तहरीर देकर बेटे की खोज की गुहार लगाई। एसएसपी ने इस संबंध में किशोर की खोज के निर्देश दिए। प्रभारी चौकी गोवर्धनपुर एसआई प्रवीण रावत के नेतृत्व में टीमें गठित कर किशोर की तलाश के प्रयास किए गए। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने रितिक को बेंगलुरु, कर्नाटक से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने रितिक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### साइबर अपराधियों ने उत्तराखंड पुलिस का फेसबुक पेज किया हैक, विभाग में मचा हड़कंप, हटाई डीपी

**नैनीताल :** साइबर अपराधियों ने उत्तराखंड पुलिस का ऑफिशियल फेसबुक पेज ही हैक कर चुनौती दे डाली। फेसबुक पेज पर पुलिस के लोगो वाली तस्वीर को हटाकर वहां महिला की अश्लील तस्वीर लगा दी। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस मुख्यालय की सोशल मीडिया टीम के सदस्य की ओर से साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसमें एसटीएफ और साइबर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। उत्तराखंड पुलिस का फेसबुक पेज दोपहर को अचानक बदला हुआ नजर आया। शुरूआत में कोई समझ ही नहीं पाया कि ये पुलिस का ऑफिशियल पेज ही है या फिर किसी ने दूसरा पेज बनाया है। इस पर एक महिला की अश्लील तस्वीर लगी हुई थी। देखते ही देखते इस पर कमेंट की बाढ़ आ गई। लोगों ने इसे उत्तराखंड पुलिस को साइबर अपराधियों की खुली चुनौती के रूप में बताया।

# दरवाजे, खिड़की, पल्ले और अलमारी, टॉयलेट तक का पैसा खा गए अफसर



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून : उत्तरकाशी** जिले के पुरोला स्थित गोविंद वन्यजीव विहार व राष्ट्रीय पार्क की सुपिन रेंज में वन विश्राम गृहों की मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये का हेरफेर कर सरकारी धन की बंदरबांट की गई है। यहां तैनात तत्कालीन अधिकारियों ने वन विश्राम गृह की मरम्मत के नाम पर दरवाजे, खिड़की, पल्ले और अलमारी तक का पैसा हजम कर लिया। मामले की जांच भी हुई, लेकिन उच्चाधिकारियों ने चहेतों को बचाने के लिए आंखें मूंद लीं। मामला वर्ष 2021 का है। तत्कालीन उप निदेशक डीपी बलूनी ने एक शिकायत के बाद रेंज में कार्यों का निरीक्षण कराया था। निरीक्षण की जिम्मेदारी तत्कालीन वन क्षेत्राधिकारी ज्वाला प्रसाद, वन दरोगा राजेंद्र सिंह, हरीश और दिनेश सिंह को सौंपी गई थी।

**कई चौंकाने वाले तथ्य आए सामने**

इस टीम ने रेंज में हुए करीब 60 प्रतिशत कार्यों की जांच के बाद जो रिपोर्ट सौंपी, उसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। अमर उजाला सिलसिलेवार इन तथ्यों को आपके सामने रख रहा है। सुपिन रेंज के अंतर्गत जखोल वन विश्राम गृह की मरम्मत के लिए चार लाख रुपये का भुगतान ठेकेदार को किया गया। लेकिन, जांच में सामने आया कि कई काम ऐसे थे, जिनका भुगतान तो कर दिया, लेकिन मौके पर काम हुए ही नहीं थे। इनमें रेस्ट हाउस के कमरों में रंगरोगन, पानी की फिटिंग बदलना, दरवाजे, खिड़की, अलमारी इत्यादि बदलना, लाइट फिटिंग, शौचालयों का सुधारीकरण जैसे काम शामिल हैं। कुल 20 कार्यों का भुगतान किया गया, जबकि 11 काम हुए ही नहीं, जो हुए भी वह आधे-अधूरे थे।इस तरह से तत्कालीन वन अफसरों ने बिना काम के ठेकेदार को भुगतान कर सरकारी धन को ठिकाने लगाने का काम किया।

**नैटवाड़ में बिना काम ठिकाने लगा दिए चार लाख रुपये :**

सुपिन रेंज के तहत वन विश्राम गृह नैटवाड़ की मरम्मत के नाम पर चार लाख रुपये ठिकाने लगा दिए गए। जिला योजना के तहत जारी हुए इस पैसे का भुगतान भी बिना काम या आधे-अधूरे काम के कर दिया गया।

## राज्यपाल से इंटरनेशनल कराटे ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष ने की शिष्टाचार भेंट

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से सोमवार को राजभवन में, इंटरनेशनल कराटे ऑर्गनाइजेशन के संस्थापक अध्यक्ष श्री देव नाथ ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर राज्यपाल ने सभी बच्चों की सराहना की और कहा कि कराटे में बच्चों का अच्छा प्रदर्शन किया जाना प्रशंसनीय है। इनमें बच्चियों के प्रतिनिधित्व की सराहना करते हुए कहा कि लड़कियों के लिए इस तरह आत्मरक्षा से संबंधित खेल बेहद जरूरी है। इससे जहां उनका शारीरिक विकास होगा वहीं ऐसे खेल उन्हें आत्मरक्षा में भी सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेलों में आगे लाया जाना जरूरी है।

# साधक के जीवन शैली को सुधारती है साधना : डॉ. पण्ड्या

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार। देवसंस्कृति** विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या ने कहा कि साधक को साधना के दौरान आहार विहार को संयमित रखना चाहिए। साधना साधक के जीवन शैली को सुधारती है। विश्वविद्यालय में नवरात्र साधना में जुटे साधकों से डॉ. प्रणव पण्ड्या ने कहा कि साधना में दुष्कर से दुष्कर प्रारब्ध को काटने या कम करने की शक्ति विद्यमान है। भगवान को पाने के लिए अंतःकरण में अटूट निष्ठा एवं अनवरत साधना करने का धैर्य होना चाहिए। मीराबाई, भक्त प्रहलाद आदि ने अपनी श्रद्धा भक्ति एवं दृढ़ इच्छा शक्ति से भगवान को प्राप्त किया था। भगवान से मिलन हेतु साधना करने का यह सर्वोत्तम समय है। डॉ. पण्ड्या ने कहा कि जीवन साधना को इतना प्रखर व प्राणवान बनायें, जिससे भगवान की कृपा आप पर सदैव बनी रहे और आपको इच्छित फल की प्राप्ति हो। अपने अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मन में दृढ़ इच्छा शक्ति हो, तो ईश्वर की कृपा सफलता के रूप में प्राप्त होती है। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ पण्ड्या ने पं. श्रीराम शर्मा आचार्य आदि की अनवरत साधना के फलों को सरल ढंग से समझाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साधनात्मक, व्यावहारिक एवं सैद्धान्तिक जिज्ञासों का समाधान किया। साथ ही जीवन साधना तथा विद्यार्थी जीवन में सफलता के विविध सूत्रों की जानकारी दी।

**विविध**

> 8 जीवन साधना तथा विद्यार्थी जीवन में सफलता के विविध सूत्रों की जानकारी दी

# निजी बीएड कॉलेज की 50 प्रतिशत बीएड सीट खाली

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून:** गढ़वाल विवि से संबद्ध 25 निजी बीएड कॉलेज की करीब 50 प्रतिशत सीट खाली रह गई हैं। कॉलेज संचालकों का कहना है कि सीयूईटी से दाखिलों के बीच इन खाली सीट पर अब यूजीसी के पत्र के तहत मेरिट से प्रवेश की अनुमति दी जाए। गढ़वाल विवि से करीब 25 बीएड कॉलेज संबद्ध हैं। इनमें पहले विवि के स्तर से होने वाली प्रवेश परीक्षा से एडमिशन होते थे। सीयूईटी आने के बाद यहां इसके स्कोर से दाखिले होने लगे। इस साल सीयूईटी से अन्य कोर्स में भी दाखिले हुए थे, जिसमें सीट भरनी मुश्किल हो गई थी। इस पर यूजीसी ने एक एसओपी जारी की थी, जिसमें कहा था कि पहले सीयूईटी से दाखिले होंगे। इसके बाद खाली



सीट के लिए या तो विवि के स्तर से प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी या फिर पिछली पास परीक्षा के अंकों की मेरिट के आधार पर पारदर्शी तरीके से दाखिले होंगे। अब विवि से संबद्ध बीएड कॉलेज में भी सीयूईटी से दाखिले के बावजूद करीब 50 फीसदी सीट खाली रह गई हैं।

**सीट खाली रहना संसाधनों की बबार्दी:** एसोसिएशन ऑफ सेल्फ फाइनेंस्ड इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष और ऑल इंडिया अनएडेड विवि व महाविद्याल एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सुनील अग्रवाल ने मांग की है कि अन्य कोर्स की भांति यहां भी ग्रेजुएशन के अंकों की मेरिट से दाखिले किए जाएं। उन्होंने इस बाबत गढ़वाल विवि प्रशासन को ज्ञापन भेजा है। कहा, यूजीसी ने अपने पत्र में ये भी कहा कि सीट खाली रहना संसाधनों की बबार्दी है। उन्होंने कहा, एनसीटीई के नियमों में भी प्रवेश परीक्षा के अलावा अन्य विकल्प उपलब्ध हैं। कहा, प्रोफेशनल कोर्स जैसे एलएलबी में मेरिट से दाखिलों का विकल्प खुला है।

**मांग**

> 8 इन खाली सीट पर अब यूजीसी के पत्र के तहत मेरिट से प्रवेश की अनुमति दी जाए

# महिला शक्ति जब खड़ी हुई तो सृष्टि को मिला नया स्वरूप..

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून : नवरात्र** शक्ति आराधना का पर्व है। आदि काल से मान्यता है कि महिला शक्ति जब-जब खड़ी हुई तो सृष्टि को नया स्वरूप मिला है। वह आपदा के दर्द को भुलाकर अपने कर्तव्यों में जुटी और अपनों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरती है तो वहीं आसपास के परिवेश को भी संवारती है। कहीं शिक्षा के माध्यम से तो कहीं उन्हें अपना हुनर सिखाकर जीवकोपार्जन के लायक बना रही हैं। उसने पुरुष प्रभुत्व के क्षेत्रों में भी कदम बढ़ाए। हिमालय पर सैर करने के साथ अन्य को भी करवाने लगी। चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम रच दिए। लोगों को न्याय दिलाने में भी पूरी शक्ति लगा दी। केदारघाटी के तनकिला गांव निवासी देवेश्वरी ने 16-17 जून 2013 की आपदा में अपने पति जय दर्शन सिंह और देवर मनमोहन को खो दिया था। तब बुजुर्ग सास-ससुर की जिम्मेदारी उनके ऊपर आ गई। इसके बाद देवेश्वरी ने स्वयं दुख से उभरकर कपड़ा सिलाई का काम सीखा और कुछ वर्ष बाद गुप्तकाशी में दुकान खोली। जहां उन्होंने कई महिलाओं को कपड़े सिलना सिखाया। आज वह स्वरोजगार के सहारे बुजुर्ग सास-ससुर की देखरेख करने के साथ स्वयं भी आत्मनिर्भर होकर अन्य को भी प्रेरणा दे रही हैं। देवेश्वरी कहती हैं कि आपदा के जख्म तो अमिट हैं, लेकिन परिवार की



जिम्मेदारी से मुख नहीं मोड़ सकतीं। कोटद्वार सनेह पट्टी के लालपानी निवासी लक्ष्मी नेगी ग्रामीण अंचल की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में जुटी हैं। वह वर्ष 2014 से अब तक रिसोर्स पर्सन के रूप में 565 समूहों का गठन कर जरूरतमंद 4500 महिलाओं को इससे जोड़ चुकी हैं। इन महिलाओं में कौशल वर्धन के साथ उन्हें वित्तीय साक्षरता के तहत बैंकों से भी जोड़ा गया है। वह वर्तमान में पदमपुर सुखरो की उड़ान स्वायत्त सहकारिता समिति की अध्यक्ष भी हैं। जिसके माध्यम से महिलाएं फूड प्रोसेसिंग, जूट बैग निर्माण, हर्बल धूप और मसाला प्रोसेसिंग व डेयरी उत्पादन का कार्य कर आजीविका कमा रही हैं।

1300 महिलाओं को दिखाया आत्मनिर्भरता का रास्ता

देहरादून के सुद्धोवाला निवासी मंजू नेगी पिछले 33 साल से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और समाजसेवा के क्षेत्र में काम रही हैं। वर्ष 1990 में कला केंद्र शुरू कर महिलाओं को सिलाई, बुनाई, कढ़ाई, बैग, पर्स आदि बनाने और ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने की शुरूआत की थी। अब तक केंद्र से प्रशिक्षित 1,300 महिलाएं और युवतियां आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा चुकी हैं। वह आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 25 युवतियों के विवाह करवा चुकी हैं और गरीब बच्चों की स्कूल की फीस में भी सहयोग करती आ रही है। मंजू मौजूदा समय में भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हैं। नई टिहरी के सुपाणा गांव की रंजना रावत महिला उत्थान के लिए काम कर रही हैं। दो साल में ही उन्होंने करीब 60 समूह बनाकर 200 से अधिक महिलाओं को जोड़ा और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। रंजना ने कीर्तिनगर क्षेत्र के अलग-अलग गांव में समूह बनाए हैं।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना सं०: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-26 दिनांक : 21.10.2023

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-14-TRD-MB-23-24 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के पुराने पी०एस०आई० उपकरणों के उन्नयन का कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 17.11.2023, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 1,61,31,710.27/- (Including GST@18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | Rs. 2,30,700/- |
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-20-TRD-MB-23-24 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के बरेली कैंट स्टेशन पर गुड्स शेड के सुधार और परिवर्तन के संबंध में ओ०एच०ई० संशोधन का कार्य |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 16.11.2023, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 54,61,761.32/- (Including GST@18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | Rs. 1,09,200/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3306/2023

# लक्ष्मण को लगी शक्ति, संजीवनी लाकर बजरंगबली ने बचाए प्राण

## बनखंडी में आयोजित रामलीला के 11वें दिन सुलोचना महल और लक्ष्मण शक्ति तक की लीला का हुआ मंचन

**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश। तीर्थनगरी** की वर्ष 1955 से स्थापित सुभाष बनखंडी श्री रामलीला मंचन के 11वें दिन सुलोचना महल और लक्ष्मण को लगी शक्ति की लीला का मंचन हुआ। इस दौरान लक्ष्मण को मूर्छा आ जाने पर रामभक्त भाव विभोर हो उठे। यह दृश्य देखकर मंचन देख रहे दर्शक भी विभोर हो उठे। बनखंडी रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला के 11वें दिन का शुभारंभ सुलोचना महल से हुआ। इसमें रावण पुत्र मेघनाथ की पत्नी सुलोचना अपने पति का इंतजार कर रही होती है, तभी मेघनाथ का प्रवेश होता है। मेघनाथ पत्नी सुलोचना से युद्ध में



जाने से पूर्व विदा लेने आता है। इसके बाद सुलोचना पति की युद्ध में विजय की कामना करते हुए विजय तिलक लगाती है। लीला के दूसरे दृश्य में युद्धस्थल पर लक्ष्मण और मेघनाथ का युद्ध होता है। दोनों में जोरदार युद्ध के बाद जब मेघनाथ लक्ष्मण का बाल भी बांका नहीं कर पाता है तो वह लक्ष्मण को हनुमान के बल पर युद्ध ना करने को कहता है। इस बार लक्ष्मण जी बजरंगबली को दूसरे स्थान पर जाकर युद्ध करने को कहते हैं। इसके बाद मेघनाथ छल का प्रयोग कर ब्रह्म शक्ति के जरिए लक्ष्मण जी को मूर्छित कर देता है। लक्ष्मण जी की मूर्छित होने की

**मंचन**

**8 वैद्य द्वारा संजीवनी बूटी के जरिए लक्ष्मण जी के मूर्छित अवस्था को ठीक किया जाता है**

सूचना पाकर राम दल में हा हाकार मच जाता है। श्रीराम का रो-रो कर बुरा हाल हो जाता है, तभी विभीषण श्रीराम को लंका के सुषेन वैद्य के बारे में बताते हैं। सुषेन वैद्य को हनुमान लंका से उठाकर ले आते हैं। सुषेन वैद्य श्रीराम को संजीवनी बूटी के बारे में बताते हैं। इस पर प्रभु राम हनुमान जी को संजीवनी बूटी लाने को कहते हैं। हनुमान जी संजीवनी लेने जाते हैं मगर उन्हें बूटी की समझ ना होने के कारण वह पूरा पर्वत ही उठाकर राम दल में ले आते हैं। इसके बाद वैद्य द्वारा संजीवनी बूटी के जरिए लक्ष्मण जी के मूर्छित अवस्था को ठीक किया जाता है। इस दौरान पंडाल में राम भक्त भावविभोर होकर जय श्री राम के जयकारे लगाते हैं। इस मौके पर रामलीला कमेटी सुभाष बनखंडी के अध्यक्ष विनोद पाल, महामंत्री हरीश तिवाड़ी, राजेश दिवाकर, सुरेंद्र कुमार, दीपक जोशी, निर्देशक मनमीत कुमार, पप्पू पाल, ललित शर्मा, अशोक मौर्य, सुभाष पाल, पवन पाल आदि उपस्थित रहे।

# अक्टूबर की रात्रि से 20 दिनों के लिए बंद की जाएगी गंगनहर

**पर्याप्त जल**

**8 श्रद्धालु, पर्यटकों को हरकी पैड़ी पर गंगा स्नान के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके**

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**प्रति वर्ष** होने वाली उत्तरी गंगनहर बंदी हरिद्वार से इस वर्ष 24 अक्टूबर की रात्रि से 20 दिनों के लिए की जाएगी। इस संबंध में सचिव उत्तर प्रदेश अमित प्रणव ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि ऊपरी गंगा नहर के शीर्ष भाग में भीमगोडा बैराज एवं मुख्य गंगा नहर की सुरक्षा, संचालन से सम्बन्धित विभिन्न कार्यों, संरचनाओं की मरम्मत, नई आपूर्ति धारा एवं लिंक चैनल में शोल सफाई का कार्य



मुख्य गंगा नहर में बने घाटों की सीढ़ियों एवं पिचिंग की मरम्मत, रेलिंग, एंगिल पोस्ट, चैन लगाने, पेन्टिंग, नव-निर्माण के कार्य कराये जाने के लिए ऊपरी गंगा नहर को 24 अक्टूबर से 11 नवम्बर तक नहर बन्दी रहेगी।
एसडीओ कैनाल हरिद्वार अनिल निमेष ने बताया कि इस दौरान हरकी पैड़ी पर गंगासभा से अनुबंध के अनुसार स्नान हेतु न्यूनतम दो सौ क्यूसेक जल बनाए रखा जाएगा। जिससे हरिद्वार आने वाले श्रद्धालु, पर्यटकों को हरकी पैड़ी पर गंगा स्नान के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### दशहरा विशेष: जानिए विजयदशमी पर्व में निहित आध्यात्मिक संदेश

#### गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी

**घूमते** कालचक्र के साथ असंख्य युद्ध संग्राम घटे। कहीं राज्य की अभिलाषा थी, तो कहीं कोई और कामना। परन्तु इतिहास मात्र उन संग्रामों को पाकर सौभाग्य का अनुभव कर पाया, जिनका उद्देश्य धर्म-संस्थापना था। ऐसा ही एक अद्वितीय संग्राम हुआ था, त्रेतायुग में। प्रभु श्री राम व असुरराज रावण के बीच। यह युद्ध वास्तव में अद्भुत था। इसमें एक ओर थे- प्रशिक्षित, हृदयविहीन योद्धा, अस्त्र-शस्त्र से लैस, छल-बल को लिए हुए। वहीं दूसरी ओर थीं, वन प्रजातियाँ जिन्हें युद्ध का कुछ खास अभ्यास-अनुभव नहीं था। अस्त्र व शस्त्र भी उनके पास अधिक नहीं थे। मात्र श्री राम की विश्वास नैया पर अनंत सागर को पार कर, उत्साह रूपी शस्त्र ले, वह छोटी सी सेना विशाल-सेना के सामने खड़ी हो गई थी। फिर हुआ था एक ऐसा संग्राम, जिसने मानव बुद्धि के तर्कों को निरस्त्र कर दिया। क्योंकि प्रभु राम की अगुआई में जीत गई थी वानर-सेना। हार गए थे धुरंधर असुर! इस विजयश्री को आज युगों बाद भी हम विजयदशमी के रूप में मनाते हैं। वह प्रतीक रूप में अंत है- रावणत्व का, असुरीय अवगुणों का। विजय है, अधर्म पर धर्म की। इसलिए आज भी विजयदशमी पर रावण, कुम्भकरण और मेघनाथ के पुतले जलाए जाते हैं। कुम्भकरण रावण का भाई था और मेघनाथ रावण का पुत्र। दोनों ने ही युद्ध में अहं भूमिका निभाई। पर मेघनाथ रावण का गर्व था। उसका बाहुबल था। मेघनाथ ने रावण के सभी अवगुण उससे विरासत में पाए थे। उसमें से मुख्य था- काम। गोस्वामी तुलसीदास जी ने तो मेघनाथ के विषय में विनय पत्रिका में कहा- मेघनाथ मूर्तिमान ह्यकामह्न है।

जब रावण के बड़े-बड़े योद्धा, सेनानायक मृत्यु द्वारा ग्रस लिए गए, तब रावण की ओर से युद्ध करने के लिए रणभूमि में उतरा- मेघनाथ। उसने युद्धभूमि में आते ही ऐसे वाणों का संधान किया कि सारी वानर सेना व्याकुल हो गई। तब श्री लक्ष्मण मेघनाथ से युद्ध करने के लिए उसके समक्ष आए। जहाँ गोस्वामी जी ने मेघनाथ को ह्यकामह्न कहा, वहीं वह लक्ष्मण जी के लिए कहते हैं- लक्ष्मण जी ह्यवैराग्यह्न स्वरूप हैं।

मेघनाथ व लक्ष्मण जी के बीच युद्ध आरंभ हुआ। परन्तु विजय किसकी होगी, यह कुछ कहा नहीं जा सकता था। काफी देर युद्ध चलता रहा। मेघनाथ ने छल-बल का प्रयोग किया और फिर एकाएक वीरघातिनी शक्ति द्वारा लक्ष्मण जी को मूर्छित कर दिया। पर विचारणीय तथ्य यह है कि श्रीराम सर्वशक्तिमान हैं। अब तक उनकी कृपा से युद्ध में कोई प्रमुख योद्धा क्षत-विक्षत नहीं हुआ। वे चाहते तो अपने अनुज लखन को भी इस मूर्छा से बचा सकते थे। फिर उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया? उन्होंने क्योंकर ह्यवैराग्यह्न को ह्यकामह्न द्वारा मूर्छित होने दिया? इन सभी प्रश्नों का एक ही उत्तर है। वह यह कि प्रभु अपने आदर्शों के विपरीत नहीं जाते। लखन जी जब युद्ध के लिए गए, तो उनसे एक भूल हो गई- लक्ष्मण जी प्रभु राम से आज्ञा मांग कर, क्रोधपूर्वक चले। विचार करें, लखन जी ने आज्ञा तो मांगी थी, परन्तु प्रभु ने आज्ञा प्रदान नहीं की थी। और क्रोधित होकर चलने से अभिप्राय? क्रोध वही व्यक्ति करता है, जो अहंकारी होता है। और यह तो अटल सत्य है कि जब साधक बिना गुरु-आज्ञा के और अहंकार से पूर्ण हो अपने ह्यवैराग्यह्न द्वारा ह्यकामह्न को पराजित करने का प्रयास करता है, तो ह्यकामह्न द्वारा खुद ही मूर्छित हो जाता है।

### शक्ति पम्पस इंडिया लिमिटेड ने रचा इतिहास

**देहरादून। सोलर** पंपिंग समाधानों में अग्रणी शक्ति पम्प्स इंडिया लिमिटेड को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से 50,000 ऑफ - ग्रिड सौलर फोटोवोल्टिक वाटर पम्पिंग सिस्टम के लिए लेटर ऑफ इम्पेनलमेन्ट प्राप्त हुआ जो सम्पूर्ण महाराष्ट्र राज्य में पीएम - कुसुम स्कीम फेस - 3 के कम्पोनेन्ट - बी के लिए है। इन 50,000 पम्पस की अनुमानित कीमत 1,603 करोड़ रुपये है। इस योजना के तहत, किसानों को 90 प्रतिशत की सब्सिडी प्राप्त होने से काफी लाभ होगा। पीएम - कुसुम स्कीम फेस-3 का कम्पोनेन्ट बी विशेष रूप से 3, 5 एवं 7.5 एचपी तक की व्यक्तिगत क्षमता वाले सौलर ऊर्जा संचालित कृषि पंपों के इंस्टॉलेशन पर केंद्रित है। शक्ति पम्प्स के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कहा कि हम महाराष्ट्र के एमएसईडीसीएल के मैनेजमेंट की इस पहल के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

## स्वर्गाश्रम क्षेत्र में बिना अनुमति विदेशी पर्यटक ने उड़ाया ड्रोन

**ऋषिकेश :** स्वर्गाश्रम क्षेत्र में बिना अनुमति के विदेशी पर्यटक की ओर से ड्रोन उड़ाने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में विदेशी पर्यटक अनुमित नहीं होने पर माफी मांग रहा है। स्वर्गाश्रम क्षेत्र में वर्षभर श्रद्धालुओं व पर्यटकों की आवाजाही रहती है। यहां कई प्रतिष्ठित आश्रम भी हैं, जिनमें बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी पहुंचते हैं। अधिकांश आश्रम अपने कार्यक्रमों में ड्रोन का प्रयोग करते हैं। इनकी देखा-देखी विदेशी पर्यटक भी बिना अनुमति के धड़ल्ले से ड्रोन से वीडियोग्राफी कर रहे हैं। स्थानीय निवासी बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर आपत्ति भी जता चुके हैं।

# भारतीय परंपरा में मातृशक्ति का रहा है सदैव सर्वोपरि स्थान: रेखा

**संस्कृति**

**8 भारतीय परंपरा में मातृशक्ति का सदैव सर्वोपरि स्थान रहा है: मंत्री रेखा आर्या**

**टीम एक्शन इंयिा/देहरादून।** मंत्री रेखा आर्या ने माँ सिद्धिदात्री को समर्पित महानवमी के इस पावन दिन पर केदारपुरम स्थित राजकीय शिशु सदन में नौ देवी स्वरूपा नौ कन्याओं की पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में मातृशक्ति का सदैव सर्वोपरि स्थान रहा है। मंत्री रेखा आर्या ने पहले कन्याओं के पांव पखारे और उन्हें चुनरी ओढ़ाकर माथे





पर तिलक लगाया और उन्हें भोजन कराया। उन्होंने कन्या पूजन के पहले आदि शक्ति मां भगवती दुर्गा की पूजा अर्चना की। उसके बाद मां दुर्गा के विभिन्न नौ रूपों के प्रति कन्याओं की पूजा अर्चना की और विधि विधान, श्रद्धा और सम्मान का भाव रखते हुए इस कार्य को किया। मंत्री आर्या ने कहा कि यह पर्व हम सभी को दृढ़ता के साथ सच्चाई के मार्ग पर चलने और अपने जीवन से बुराइयों का समूल नाश करने की प्रेरणा देता है। उन्हें हर वर्ष शिशु सदन में आकर बेहद खुशी होती है कि वह इन बच्चों के चेहरे पर थोड़ी सी खुशी लाने का काम कर पाती है। इस अवसर पर उन्होंने आदि शक्ति मां भगवती से समस्त प्रदेशवासियों के सुख, शांति व राज्य की समृद्धि के लिए कामना की।

# पुलिस को देख भाग रहे दो युवकों को चोरी की बाइक के साथ दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार।** चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बाइक को एक वर्ष पूर्व जगाधरी हरियाणा से चोरी किया था। उप निरीक्षक सोहन सिंह रावत चेकिंग अभियान पर थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक को उन्होंने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भागने लगे। पुलिस ने तत्काल पीछा करते हुए दोनों बाइक सवारों को कुछ ही दूरी पर दबोच लिया। जब पुलिस ने बाइक का नंबर ई-चालान मशीन में चेक किया गया तो



चेसिस नंबर अलग पाया गया। चेसिस नंबर से गाड़ी का सही नंबर जांचकर मोटरसाइकिल के मालिक से संपर्क करने पर जानकारी मिली कि बाइक एक वर्ष पूर्व जगाधरी, हरियाणा थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी, जिस संबंध में थाना जगाधरी पर मुकदमा दर्ज है। दोनों संदिग्ध बाइक सवारों को बाइक सहित रोड़ीबेल वाला चौकी रखा गया है। वाहन मालिक को इस संबंध में सूचना दे दी गई है।

## युवक को सामने से आ रही कार ने टक्कर मारी

**ऋषिकेश :** ऋषिकेश का एक दिल दहला देने वाले हादसे का वीडियो सामने आया है। मस्ती में झूमते हुए जा रहे एक युवक को सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। युवक की मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। देहरादून ऋषिकेश हाईवे पर युवक झूमता हुआ जा रहा था। तभी सामने से आई कार ने उसे टक्कर मार दी। युवक हवा में उछला और नीचे गिर गया। कोतवाली प्रभारी खुशीराम पांडे ने बताया कि बनखंडी निवासी सुनीता देवी ने तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र शिवम (21) हरिद्वार रोड पर 72 सीढ़ी घाट के पास से गुजर रहा था।

# स्कूटी सवार दो युवकों को टक्कर मारने वाला फरार, वाहन चालक गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी।** गंगोत्री हाइवे पर शनिवार रात्रि को स्कूटी सवार दो युवकों को टक्कर मारने वाले फरार वाहन चालक को उत्तरकाशी पुलिस ने महज 18 घंटे में देहरादून से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक एसपी अर्पण यदुवंशी ने सोमवार को पत्रकारों को आरोपित की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रविवार को परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ थाना कोतवाली में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने के बाद पुलिस ने बहुत ही जल्द गिरफ्तार कर लिया।
आरोपित वाहन चालक शेर सिंह पुत्र गौरचंद (45) निवासी भड़कोट, धौंतरी डुंडा उत्तरकाशी का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह स्कूटी को

**काबू**

**8 पुलिस अधीक्षक एसपी ने पत्रकारों को आरोपित की गिरफ्तारी की जानकारी दी**

जोरदार टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया था। डर के मारे उसने अपनी गाड़ी खरवां रोड पर खड़ी कर दी और सुबह वहां से वाहन को ठीक करवाने के लिए देहरादून निकल गया था। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनेरी अजय सिंह, वरिष्ठ एसआइ अनूप नयाल, दिलमोहन बिष्ट, कोमल रावत, मनीष कवि, सतीश गोदियाल, महिपाल सिंह, रणजीत सिंह, गोविंद सिंह, जयकुमार, दीपक चौहान आदि पुलिसकर्मी शामिल थे।

# ऋषिकेश घूमने आए स्कूल के दल का छात्र गंगा में बहा

**टीम एक्शन इंडियाऋषिकेश।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से ऋषिकेश घूमने आए एक स्कूल छात्रों के दल का एक छात्र उस समय गंगा में बह गया, जब वह नहाने के लिए गया था। रेस्क्यू टीम को अभी तक डूबे युवक का कुछ पता नहीं चल सका है।
एसडीआरएफ के प्रभारी कविंद्र सजवान ने बताया कि सोमवार की सुबह थाना लक्ष्मण झूला के अंतर्गत फूल चट्टी आश्रम के पास एक युवक की डूबने की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सर्च अभियान चलाया,लेकिन



दोपहर तक डूबे युवक का कुछ पता नहीं चला। टीम पशुलोक बैराज तक सभी संभावित स्थानों पर सर्च अभियान चला रही है। उन्होंने बताया गया कि उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से एक स्कूल के 60 छात्रों का दल हरिद्वार ऋषिकेश घूमने आया था, जिसमें से 15 वर्षीय सकिन पुत्र इसरार अहमद अपने साथियों के साथ लक्ष्मण झूला

**दर्दनाक हादसा**

**8 रेस्क्यू टीम को अभी तक डूबे युवक का कुछ पता नहीं चल सका है।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत फूल चट्टी आश्रम के नीचे जब नहाने लगा तो वह गंगा में बह गया। उसे बहता देख कर उसके अन्य साथियों ने बचाने का प्रयास भी किया,लेकिन वह असफल रहे, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। इस पर एसडीआरएफ की टीम उसकी खोज में सर्च अभियान चला रही है।

# चमोली जिले में 25 और 26 अक्टूबर को लगेगा विशेष मानसिक दिव्यांग शिविर

**गोपेश्वर।** चमोली जिले के उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग के ट्रॉमा सेंटर और जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में आगामी 25 और 26 अक्टूबर को विशेष मानसिक दिव्यांग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी चमोली डॉ. राजीव शर्मा ने बताया कि जनपद में आगामी 25 और 26 अक्टूबर को विशेष मानसिक स्वास्थ्य एवं दिव्यांग शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर को ट्रॉमा सेंटर कर्णप्रयाग और 26 अक्टूबर को जिला अस्पताल गोपेश्वर में प्रातः 11

**शिविर**

**8 26 को गोपेश्वर में प्रात: 11 बजे से मानसिक दिव्यांग शिविर लगाए जाएंगे**

बजे से मानसिक दिव्यांग शिविर लगाए जाएंगे, जिससे मानसिक रूप से पीड़ित दिव्यांगजनों के मौके पर ही जांच के साथं दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि मानसिक रूप से ग्रसित दिव्यांगजनों को उनके आधार कार्ड एवं तीन पासपोर्ट साइज की फोटो प्रति के साथ शिविर का लाभ पहुंचाने में सहयोग प्रदान करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट एवं मनोरोग विज्ञान के चिकित्सक न होने के कारण मानसिक रोग से पीड़ित रोगियों के प्रमाण पत्र नही बन पाते है। इस समस्या को देखते हुए देहरादून स्थित राष्ट्रीय दृष्टिबाधित संस्थान एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर से समन्वय करते हुए जनपद चमोली दो दिवसीय मानसिक दिव्यांग शिविर लगाया जा रहा है।

# डेढ़ वर्षीय बच्ची की पानी के हौज में गिर कर मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश।** नवरात्रि के अंतिम दिन जब घरों में महिलाएं कन्याओं का पूजन कर रही थीं। इसी दौरान एक डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची की घर के आंगन में बने पानी के हौज में खेलते हुए गिर गयी और उसकी मासूम की मौत हो गई। इससे घर में कोहराम मचा हुआ है। मुनी की रेती थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की दोपहर डेढ़ वर्षीय प्रतिमा पुत्री दीपक सिंह राणा बडीर कौड़ियाला, टिहरी गढ़वाल अपने घर के आंगन में बने पानी के हौज में उस समय गिर गई, जब वह घर में खेल रही थी। इसी दौरान उसके

**दुखद**

**8 आंगन में बने पानी के हौज में खेलते हुए गिर गयी और उसकी मासूम की मौत हो गई**

पिता की नजर उस पर पड़ी, जिन्होंने उसे बाहर निकाला और आपातकालीन सेवा 108 के माध्यम से राज्य चिकित्सालय लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।
पुलिस ने मृतक बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है।

# महानवमी पर्व पर महापौर ने किया श्रद्धापूर्वक कन्या पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश। शारदीय** नवरात्र के अंतिम दिन घरों से लेकर मंदिरों तक मां सिद्धिदात्री की पूजा हुई। तीर्थनगरी की महापौर ने भी श्रद्धापूर्वक कन्या पूजन किया। कुछ श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर उन्हें भोजन भी कराया। इसके बाद मां की मूर्ति को विसर्जित किया। सोमवार को नगर निगम महापौर अनिता ममगांई ने महानवमी पर्व पर अपने आवास पर बेहद श्रद्धापूर्वक कन्याओं का पूजन कर उन्हें विभिन्न उपहार भेंट किए। इस अवसर पर महापौर ने शहरवासियों को पर्व की बधाई देते



हुए कहा कि नवरात्र हमें नारी शक्ति का महत्व बताते हैं और कन्याओं के सम्मान का संदेश देते हैं।संसार की सारी व्यवस्थाओं को आदिशक्ति भगवती संचालित करती हैं। इनके अनंत रूप हैं। वह नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर संपूर्ण पृथ्वी पर करुणा की वर्षा करती हैं।

# 'प्रदेश में आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है'

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**
**आम आदमी पार्टी** के वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा रविवार को पानीपत में पहुंचे, वहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कई परिवार अन्य पार्टियों को छोड़कर अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग लगातार आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं। प्रदेश में आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज पानीपत जिले के गांव मूलभूत सुविधाओं के



लिए भी तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने इस क्षेत्र के लोगों को ठगने का काम किया है। हमेशा चुनाव के समय यहां के लोगों को बरगलाने का काम करते हैं। अब हरियाणा के लोग समझने लगे हैं। आम आदमी पार्टी ही प्रदेश में एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा पानीपत जिले की खस्ता हालत सड़कों के लिए खट्टर सरकार जिम्मेदार है। यहां के गांव की हालत बद से बदतर है। वहीं उन्होंने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा ने विधानसभा में पानीपत के लोगों की आवाज कभी नहीं उठाई। इसके साथ खट्टर सरकार ने पानीपत के उद्योगपतियों को प्रदूषण के नाम पर परेशान करने का काम किया है। आज पानीपत की जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। उन्होंने कहा दूसरी तरफ खट्टर सरकार ने परिवार पहचान पत्र और प्रापर्टी आईडी के चक्कर में जनता को उलझाया हुआ है। आज प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की वजह से गरीब परिवारों को राशन नहीं मिल रहा, बुजुर्गों और महिलाओं को पेंशन नहीं मिल रही। भाजपा ने जनता को दर दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा की जनता पुरानी पार्टियों से परेशान हो चुकी है। इससे पहले कांग्रेस और अब भाजपा-जजपा जनता की मेहनत का पैसा लूटने का काम कर रही है। हरियाणा की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि पुरानी पार्टियों के राजनेताओं ने बस अपने घर भरने का काम किया है। उन्होंने कहा आम आदमी पार्टी एकमात्र पार्टी है जो अपने काम से जानी जाती है।

## राम की कथा अपने आप में भारतीय संस्कृति और संस्कारों की कथाः वीरेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**अखिल भारतीय** राधा कृष्ण संकीर्तन मंडल द्वारा राम मंदिर, रामलीला ग्राउंड में चल रही भव्य राम कथा में कथा व्यास राजीव शास्त्री ने राम हनुमान की प्रथम भेंट, राम-सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध आदि प्रसंग सुनाए।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान मौजूद रहे। आयोजन में पहुंचने पर उनका संस्था के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम की कथा अपने आप में भारतीय संस्कृति और संस्कारों की कथा है। जो पारिवारिक संबंधों के साथ सामाजिक विचारधारा का अप्रतिम उदाहरण है। इसका हर शब्द सामाजिक मर्यादा की सीख देता है।

## न्यूज फ्लैश

### इनक्रेड फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने 300 करोड़ तक के सुरक्षित अपरिवर्तनीय डिबेन्चर के सार्वजनिक निर्गम की घोषणा की

**चंडीगढ़।** इनक्रेड फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जिसेक पूर्व में केकेआर इंडिया फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), जो रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के साथ पंजीकृत एक प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, ने प्रत्याभूत, रेट किये गए, सूचीबद्ध, भुनाए जाने योग्य, गैर-परिवर्तनीय डिबेन्चर्स के सार्वजनिक निर्गम के लिए 11 अक्टूबर, 2023 को अपना सूचीपत्र दाखिल किया है, जिसका अंकित मूल्य 1,000 प्रत्येक है। यह निर्गम बुधवार, 25 अक्टूबर, 2023 को खुल रहा है जो मंगलवार, 7 नवंबर, 2023 को बंद होगा, जिसमें भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निर्गम और (गैर-परिवर्तनीय प्रतिभूति) विनियम, 2021 यथा संशोधित (सेबी एनसीएस विनियमन) के अनुपालन में कंपनी के निदेशक मंडल या वित्त समिति द्वारा तय किए जाने के अनुसार शीघ्र बंद करने या विस्तारित करने का विकल्प है। क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा इन एनसीडी को क्रिसिल ए+/स्थिर (स्थिर आउटलुक के साथ क्रिसिल ए प्लस रेटिंग के रूप में उच्चारित) रेटिंग दी गई है। इनक्रेड फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के भूपिन्दर सिंह, पूर्णकालिक डायरेक्टर एवं चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफि सर ने इस अवसर पर कहा कि, ह्लहमने स्वयं को एक विविधतापूर्ण ऋणदान गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में स्थापित किया है, जिसका बिजनेस मॉडल अत्याधुनिक तकनीक और विश्लेषण पर आधारित है और जो हमारी परिसंपत्ति की गुणवत्ता की मजबूती में परिलक्षित रिस्क मैट्रिक्स पर केन्द्रित है। यह क्रेडिट रिस्क और कलेक्शन्स के लिए एक आजमाए हुए दृष्टिकोण का परिणाम है। हम ऋणदान की प्रक्रिया को त्वरित, सरल और झंझट-मुक्त बनाने के लिए प्रौद्योगिकी और डेटा-साइंस का निरन्तर लाभ उठाते हैं। अब तक की हमारी वृद्धि का एक प्रमुख घटक हमारी देनदारियों की रणनीति की सफलता रही है, और एनसीडीस का यह सार्वजनिक निर्गम हमारे ऋण मिश्रण को और भी विविध बनाने तथा मजबूत करने में एक भूमिका निभाएगा।

### सोनाक्षी सिन्हा ने यूनिटी वन मॉल में किया कल्याण ज्वेलर्स के नए शोरूम का उद्घाटन

**पानीपत :** पानीपत के यूनिटी वन मॉल में कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा शहर थम सा गया। कल्याण ज्वेलर्स ने इस लॉन्च के साथ हरियाणा राज्य में 5 स्थानों पर अपनी उपस्थिति बना ली है। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा द्वारा उद्घाटन किए गए इस नए शोरूम में ग्राहकों को आभूषण डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ-साथ खरीदारी का एक शानदार अनुभव भी मिलेगा। कंपनी इस क्षेत्र में अपने ब्रांड पदचिह्न और परिचालन का लगातार विस्तार कर रही है, ताकि वृद्धि को बढ़ावा दिया जा सके और ब्रांड को हरियाणा के ग्राहकों के लिए अपेक्षाकृत अधिक सुलभ बनाया जा सके। बॉलीवुड स्टार सोनक्षी सिन्हा ने रोमांचित भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, पानीपत में कल्याण ज्वेलर्स के इस शानदार नए शोरूम का उद्घाटन कर मुझे बेहद खुशी हो रही है। इस उल्लेखनीय अवसर का अंग बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरा मानना है कि कल्याण ज्वेलर्स के विभिन्न किस्म के शानदार कलेक्शन में गरिमा (ग्रेस) का अनोखा मिश्रण है और यह हमारे देश भर की विविध परंपराओं का सम्मान है। ग्राहकों की संतुष्टि के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ-साथ विश्वसनीयता और पारदर्शिता के स्तंभों पर तैयार इस प्रतिष्ठित ब्रांड की प्रतिनिधि बनना मेरे लिए गर्व की बात है।"



### वोल्वो कार इंडिया ने गुरुग्राम के ताऊ देवी लाल बायोडायवर्सिटी पार्क में 10केडब्ल्यूपी का सोलर पावर इनस्टॉल किया

**गुरुग्राम।** वोल्वो कार इंडिया ने गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) द्वारा संचालित ताऊ देवी लाल बायोडायवर्सिटी पार्क सेक्टर 52ए गुरुग्राम में 10 किलोवाट ऑफ ग्रिड सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित की है। सुधीर कुमार सिंघला, विधायक-गुरुग्राम द्वारा इसका उद्घाटन किया गया, सौर ऊर्जा प्रणाली पार्क के लगभग 2 एकड़ के पूरे क्षेत्र को बिजली देने की क्षमता रखती है। चौबीस घंटे बिजली प्रदान करने वाली ऑफ ग्रिड सौर ऊर्जा प्रणाली एक स्वतंत्र बिजली स्रोत है और किसी बाहरी बिजली आपूर्ति से जुड़ी नहीं है। इस स्थापना से कार्बन फुटप्रिंट में कमी आएगी जिसके परिणामस्वरूप सीओ 2उत्सर्जन में बचत होगी। वोल्वो कार इंडिया के कमर्शियल हेड कल्पित शिशोदिया ने कार्यक्रम में वोल्वो कारों का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा, जीएमडीए, गुरुग्राम में शहरी पर्यावरण प्रभाग के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सुभाष यादव, आईएफएस, ने भी इस अवसर की शोभा बढ़ाई। वोल्वो कार इंडिया के प्रबंध निदेशक, ज्योति मल्होत्रा ने कहा।

## संत विवेकानंद विद्यापीठ पुरखास में धूमधाम से हुआ दशहरे पर्व का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । पुरखास गांव स्थित** संत विवेकानंद विद्यापीठ में 16 से 23 अक्टूबर तक रामलीला का मंचन हुआ। इसके बाद स्कूल में सोमवार को विजयदशमी के उपलक्ष में रावण दहन कार्यक्रम में रावण का दहन किया गया। जिसमें विद्यालय के बाल कलाकारों ने रामायण के सभी पात्रों की भूमिका बहुत सुंदर व जीवंत ढंग से निभाई बच्चों ने अपने अभिनय के माध्यम से रामायण की शिक्षाओं को जीवन में धारण करने का आहवाहन किया प्रधानाचार्य राजकुमार गुलिया ने बच्चों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी तथा उनके द्वारा प्रस्तुत की गई रामलीला की प्रशंसा की उन्होंने बताया कि हमें भगवान राम की तरह अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए तथा यह भी सीख दी कि बुरे का अंत हमेशा बुरा ही होता है।



## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कस्बा** असंध में युवक की सडक हादसे में मौत हो गई। हादसा रविवार देर शाम को उस समय हुआ, जब वह रोड क्रॉस कर रहा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने युवक को टक्कर मार दी। पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक के चचेरे भाई देवी प्रश्न ने बताया उसका चचेरा भाई 25 वर्षीय ललित कुमार पानीपत रिफाइनरी में प्राइवेट नौकरी करता था। वह रोजाना बस से ड्यूटी पर आता जाता था। रविवार को भी वह बस में ड्यूटी पर गया था। ललित ने गांव में आने से पहले उसके पास फोन किया था कि वह ड्यूटी से वापस आ रहा है, बाइक लेकर आ जाना। कुछ ही देर वह वह बस स्टैंड पर पहुंच जाएगा।

## आम आदमी पार्टी कार्यालय में हवन कर की क्षेत्र की सुख शांति की कामना

**टीम एक्शन इंडिया/राई । आम आदमी** पार्टी कार्यालय बहालगढ़ चौक में सोमवार को क्षेत्र की सुख शांति के लिए नवमी के उपलक्ष में हवन यज्ञ किया गया । हवन यज्ञ में आम आदमी पार्टी के शिक्षा सेल के जिला अध्यक्ष मास्टर सत्यनारायण आंतिल , आप के लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम नए हवन यज्ञ में आहुति डालकर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की । इस मौके पर मास्टर सत्यनारायण ने हलके के दर्जन लोगों को पार्टी में शामिल करवाया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मास्टर सतनारायण ने कहा कि प्रदेश में



आम आदमी पार्टी की लहर चल रही है। दिन प्रतिदिन आम आदमी पार्टी से लोग जुड़ रहे हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी ।

## नौनिहालों ने किया रामलीला का मनभावन मंचन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत ज्ञान गंगा** मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर नौनिहालों ने रामलीला का मनभावन मंचन किया। बच्चों ने प्रभावपूर्ण तरीके से भगवान राम , लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान, रावण, कुंभकरण आदि की भूमिका निभायी। बच्चों ने जय श्रीराम के उदघोष के साथ पूरे विद्यालय में झांकी निकाली और रावण के पुतले का दहन किया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या रिचा चावला ने सभी बच्चों व शिक्षकों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।



प्राचार्या रिचा चावला ने बच्चों को दशहरा का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि दशहरा का पर्व असत्य की सत्य पर जीत का पर्व है। उन्होंने बच्चों को बताया कि भगवान राम ने रावण का वध करने से पहले 9 दिनों तक मां दुर्गा की उपासनी की थी और 10वें दिन रावण का वध किया था। इस मौके पर उन्होंने रामलीला में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया, साथ ही बच्चों को रामलीला की अच्छाइयां जीवन में प्रयोग करने की प्रेरणा दी। रामलीला में चिंकी, जानवी, शोर्य, साहित्य, अंकुश, देहर , नमन, स्वास्तिक, दिव्यांशी आदि छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा आठवीं के हार्दिक ने गीत प्रस्तुत किया और छात्रा मुस्कान ने कविता के माध्यम से दशहरा पर्व पर प्रकाश डाला । अध्यापिका सीमा ने बच्चों को विस्तार से बताया गया कि इस दिन राम ने रावण का वध क्यों और कैसे किया था। स्कूल में रावण का दहन का भी आयोजन किया गया। स्कूल में बने रावण, मेघनाद व कुंभकरण के पुतलों को भी राम लक्ष्मण बने विद्यार्थियों ने तीर का निशाना लगाते हुए आग के हवाले किया। इन कार्यक्रमों के आयोजन में विद्यालय की अध्यापिका नीरू, भावना, पूनम, कविता और कुमारी युक्ति ने विशेष सहयोग दिया।

## पंजाब से पॉप रॉयल्टी तकः सिमरन चौधरी का एल्बम 'फॉल्किन रानी' जेनर को फिर से कर रहा डिफाइन

**नई दिल्ली।** ट्रेडिशन और कंटेम्परेरी स्टाइल के शानदार फ्यूजन में, सिंगर-सॉन्गराइटर, सिमरन चौधरी, अपने बहुप्रतीक्षित एल्बम, "फॉल्किन रानी" के साथ म्यूजिक वर्ल्ड में तूफान लाने के लिए तैयार हैं। एल्बम में छह ट्रैक हैं - माहिया मन्दा नहीं, आ ग्या नी, रामलीला, दब्बियां, मेरा रांझणा और आ ग्या नी 2.0, इनमें से सभी पंजाब की समृद्ध संगीत विरासत और मॉर्डन पॉप कल्चर का खूबसूरत का प्रमाण है। मॉर्डन टिव्स्ट के साथ ट्रेडिशन का अनूठा मिश्रण सिमरन को पॉप की क्वीन के सिंहासन तक ले जाता है। 'फॉल्किन रानी' में सिमरन चौधरी ने न केवल अपनी आवाज दी हैं बल्कि राजा के साथ कम्पोजिशन में भी कोलैब्रेट किया है। टैलेंटेड अदन द्वारा प्रड्यूज, राजा के लिरिक्स इस म्यूजिकल जर्नी का एक अभिन्न अंग हैं, इसके लिरिक्स पंजाबी डीएनए झलकता है जो सिमरन की आर्टिस्ट्री को परिभाषित करता है। 'फोल्किन रानी' संस्कृति, पहचान और संगीत की असीमित संभावनाओं का उत्सव है। यह एल्बम पारंपरिक धुनों में एक रिफ्रेशिंग टि्वस्ट पेश करता है, लोक धुनों में नई जान फूंकता है और उन्हें एक अनूठी मॉर्डन एनर्जी से भर देता है। रिलीज पर अपना उत्साह शेयर करते हुए, सिंगर और कम्पोजर सिमरन चौधरी ने कहा कि, "'फोल्किन रानी' प्यार का एक उद्धाहरण है जो मेरे दिल के करीब है।

यह म्यूजिक का एक अनूठा ब्लेंड है जिसके साथ मैं बड़ी हुई हूं और मार्डन कंटेम्प्रेरी साउंड मुझे पसंद हैं। यह एल्बम न केवल मेरी म्यूजिकल जर्नी का प्रतिबिंब है, बल्कि पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए एक ट्रिब्यूट भी है, यह ट्रेडिशन को इनोवेशन के साथ सहजता से जोड़ता है। मुझे उम्मीद है कि सभी को एल्बम के सभी ट्रैक में उतना ही आनंद मिलेगा जितना मुझे मिलता है।

## सडक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी के दूसरे स्तर की परीक्षा के लिए पूरी हुई तैयारियां

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल कार्यकाल में बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए बच्चों के बीच सडक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा कराया जा रहा है। इस संबंध में आज डीएसपी यातायात सोनू नरवाल के कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी के साथ मीटिंग हुई। इस बारे में डीएसपी यातायात सोनू नरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे करनाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी जिलों में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सडक सुरक्षा क्विज कम्पीटीशन करवाया जा रहा है। जिला करनाल में इस प्रतियोगिता परीक्षा के दूसरे स्तर की परिक्षा के आयोजन कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## पुष्प वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया विजयादशमी का त्यौहार

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । नगरपालिका रोड़** पर पुष्प वर्ल्ड स्कूल में सोमवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने रामलीला मंचन करने के साथ ही रावण दहन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विजयादशमी पर्व से संबंधित लघु नाटिका भी पेश की। स्कूल के चेयरमैन सुनील त्यागी व स्कूल निदेशक डॉक्टर नीरज त्यागी ने विद्यार्थियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



चेयरमैन सुनील त्यागी ने कहा कि इसी दिन भगवान राम ने अधर्म, अत्याचार और अन्याय के प्रतीक लंका के राजा रावण का वध किया था। माता दुर्गा ने राक्षस महिषासुर का संहार करके धर्म और सत्य की रक्षा की थी। इसलिए भी इसे विजयादशमी के रूप में भी मनाया जाता है । उन्होंने बच्चों व स्टाफ सदस्यों के साथ भगवान श्रीराम, दुगार्जी, लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश और हनुमान जी की आराधना की और उनसे लोक कल्याण और लोकहित की कामना की । इस मौके पर बच्चों ने बाल रामलीला के माध्यम से श्रीराम की जीवनी पर प्रकाश डाला। बच्चों ने श्रीराम के भक्ति गीतों पर नृत्य किया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के अंत में श्रीराम और रावण के बीच युद्ध की लीला का मंचन किया गया। इसके बाद रावण के पुतले को दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया । इस अवसर पर स्कूल स्टाफ व स्कूल के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## आईजीयू के विधि विभाग द्वारा एलुमनी मीट का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय,** मीरपुर रेवाड़ी के विधि विभाग द्वारा "अलुमनी मीट संगम 2.0" का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ष 2014 में विश्वविद्यालय में विभाग की स्थापना के बाद पास आउट हुए विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि इसी विधि विभाग से वर्ष 2018 में एलएलएम की डिग्री हासिल करने वाले एडवोकेट विजयपाल कौशिक रहे, जिनका स्वागत विभाग के अध्यक्ष डॉ. रविन्द्रा ने मोमेंटो देकर किया। जहाँ एक ओर पास आउट विद्यार्थियों ने मंच से अपने दौर के खट्टे-मीठे पल साझा



किये, वहीँ दूसरी ओर, विभाग के मौजूदा विद्यार्थियों अंजलि प्रथम वर्ष, प्रवीण द्वितीय वर्ष ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विजयपाल कौशिक ने मंच से सभी दर्शकों को संबोधित करते हुए आज के युग में विधि के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। विधि के विद्यार्थियों को इस तकनीकी युग में कानून का बेहतर ज्ञान प्राप्त हो सके तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय व अन्य उच्च न्यायालयों में चल रही मामलों की लाइव सुनवाई देखी जा सके, इसके लिए विजयपाल कौशिक ने विधि विभाग को एक 56 इंच की एलसीडी भी उपहार के तौर पर दी। एडवोकेट विजयपाल कौशिक इस कार्यक्रम के अतिथि होने के साथ-साथ, विधि विभाग के एलुमनाई भी है और समाज के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में स्वेच्छा से हिस्सा लेते रहते है। कार्यक्रम में विशेष तौर पर पहुंचे अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष प्रो. निखिलेश यादव व विश्वविद्यालय की एलुमनाई डायरेक्टर प्रो. रोमिका बत्रा ने भी मंच से सभी विद्यार्थियों को विधि की महत्वता के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अरविंद ने मंच से विशिष्ठ अतिथि व सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विधि विभाग के विभाग के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## सहसंयोजक अनिल गोस्वामी व नरेश चनाना बने जिला संयोजक

**जिम्मेदारी**

8 भारतीय जनता पार्टी ने गुड गवर्नस विभाग मे नरेश चनाना को जिला संयोजक नियुक्त किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। भारतीय जनता** पार्टी द्वारा गुड गवर्नस विभाग में अनिल गोस्वामी को सह संयोजक बनाया गया। अनिल गोस्वामी ने बताया की भारतीय जनता पार्टी ने अपने गुड गवर्नस



विभाग मे नरेश चनाना को जिला संयोजक नियुक्त किया गया । नियुक्त होने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। विधानसभा से अमन मुखीजा, नितीश त्यागी व अजय जैन को विधानसभा प्रमुख बनाया गया। नव नियुक्त गुड गवर्नेंस विभाग में गन्नौर से नियुक्त अमन मुखीजा ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी हाई कमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पार्टी के लिए मेहनत से कार्य करेंगे, पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सोफी है उसे पर वह निर्वहन करेंगे ।

जय श्री राम

समस्त प्रदेशवासियों को

# विजयादशमी

की

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रिय प्रदेशवासियों,

**आप सभी को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।**

यह पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें एक श्रेष्ठ समाज और महान राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देता है। आपके मुख्य सेवक के रूप में जनता की सेवा ही मेरे लिए प्रभु श्रीराम की सेवा है और उत्तराखण्ड का विकास ही मेरे लिए राम काज है।

आइए, आज के पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि हम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएंगे।



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 24 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# सुभाष रामलीला: कुंभकरण और मेघनाथ वध का हुआ मंचन

## सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब द्वारा पिछले 76 वर्षों से भव्य रामलीला का मंचन किया जा रहा: विष्णु भारद्वाज








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुभाष** रामलीला ड्रामेटिक क्लब के तत्वाधान में भव्य रामलीला के नौवें दिन दर्शकों की भारी भीड़ को देखकर आयोजकों को विशेष व्यवस्था बनानी पड़ी। बाहरी दिल्ली की सबसे पुरानी रामलीला में हजारों की संख्या में राम भक्त दूरदराज के क्षेत्रों से रामलीला देखने पहुंच रहे हैं। लोग लीला मंचन का आनंद लेने के साथ विशाल मेले में झूलो का और जायकेदार खाने का भी लुत्फ उठाया। रामलीला के नौवें दिन भारी भीड़ को देखकर आयोजकों को विशेष व्यवस्था बनानी पड़ी। सुभाष रामलीला के प्रधान विष्णु भारद्वाज ने बताया कि सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब द्वारा पिछले 76 वर्षों से भव्य रामलीला का मंचन किया जा रहा है। लेकिन इस बार दर्शकों का उत्साह कहीं ज्यादा है। रोज हजारों की संख्या में राम भक्त लीला देखने पहुंच रहे हैं। कल विजयदशमी के दिन हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा व रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतला दहन लीला का मुख्य आकर्षण रहेगा। नौवें दिन की रामलीला में कुंभकरण वध, मेघनाथ वध, हनुमान जी का संजीवनी बूटी लाने, सुलोचना सती का सुंदर मंचन किया गया। सुलोचना सती का शानदार मंचन देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। वहीं कुंभकरण वअहिरावण वध का मंचन देखकर दर्शक कभी रोमांचित तो कभी भावुक हुए। आज की लीला का शुभारंभ सुप्रसिद्ध समाजसेवी कृष्ण दहिया ने दीप प्रज्वलित कर किया।

अपने संबोधन में उन्होंने भगवान राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब के पदाधिकारियों को भव्य रामलीला आयोजन पर बधाई देते हुए सुभाष रामलीला के उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि व अति विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सम्मान सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर किया गया।

**नौवे दिन की भव्य रामलीला में श्री राम ने कुंभकरण और लक्ष्मण ने किया मेघनाथ का वध:** आज की लीला में राम- कुंभकरण और लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध का सुंदर मंचन किया गया। मंच पर जैसे ही कुंभकरण श्री राम से युद्ध करने आता वैसे ही जय श्री राम के जयकारे लगने शुरू हो जाते हैं। कुंभकरण व श्रीराम का भीषण युद्ध होता है अंत में श्री राम कुंभकरण का वध कर देते हैं। इसके बाद मेघनाथ युद्ध का मोर्चा संभालता है और लक्ष्मण से युद्ध करता है। और अंत में लक्ष्मण मेघनाथ का वध कर देते हैं। मेघनाथ वध की सूचना पाकर सुलोचना रो पड़ती है और वह सती हो जाती है। सुलोचना सती का शानदार मंचन देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। इस मौके पर सुभाष रामलीला के संरक्षक लोकेश गर्ग, मोहनपुरी, प्रधान विष्णु भारद्वाज, उप प्रधान धर्मपाल वर्मा, उपप्रधान मोहित गुप्ता, महासचिव संजय बंसल, सचिव संदीप मंगला,लेखाकार अनिल कुमार गर्ग व शुभम रोहिल्ला, संगठन सचिव मुकेश बंसल, सुरेश गुप्ता ऑडिटर डॉ सचिन कौशिक डॉ. शुभम रोहिल्ला, विशेष सलाहकार भारत भूषण शर्मा, मैदान पर्यवेक्षक जयपाल रोहिल्ला, मोहित गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।





**विष्णु भारद्वाज, प्रधान, सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब**

**सुभाष** रामलीला ड्रामाटिक क्लब द्वारा 77 वीं भव्य रामलीला का मंचन टीवी व विभिन्न राज्यों के पेशेवर कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में दूर दराज के क्षेत्र से लोग पहुंच रहे हैं। कल विजयदशमी पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा व रावण, कुंभकरण मेघनाथ के पुतला दहन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।



**श्री कृष्णा दहिया, प्रसिद्ध समाजसेवी**

**आज** समाज में भगवान राम जैसे आज्ञा पालक पुत्र, भाई, पति एवं आदर्श शासक के संस्कारों को जिंदा रखने के लिए रामलीला मंचन अत्यंत जरूरी है। मुझे खुशी है कि सुभाष रामलीला 77 वर्षों से आज की पीढ़ी को मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की लीला और उनकी शिक्षाओं से अवगत कराने में लगी है। इसके लिए सुभाष रामलीला की पूरी टीम बधाई की पात्र है।



# आदर्श नगर : श्रीराम ने कुंभकरण और लक्ष्मण ने मेघनाद का किया वध

## लोग भगवान राम की जीवन की लीलाओं को देख मंत्रमुग्ध हुए







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आदर्श नगर** रामलीला में रामलीला का भव्य मंचन हो रहा। दूर-दूर से लोग रामलीला का मंचन देखने आ रहे हैं और लोग भगवान राम की जीवन की लीलाओं को देख मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। इसी बीच रामलीला में कुंभकरण को गहरी नींद से जगाया जाता है और रावण सारा घटनाक्रम कुंभकरण को बताता है। इस पर कुंभकरण, रावण से कहता है कि श्रीराम नारायण के अवतार और सीता स्वयं मां जगदंबा हैं। भगवान विष्णु ने राक्षसों का नाश करने के लिए अयोध्या में नर रूप में जन्म लिया है। इस पर रावण क्रोधित हो जाता है। यह देख कुंभकरण, श्रीराम के हाथों मरना उचित समझता है और युद्ध में लड़ने के लिए चला जाता है। श्रीराम-कुंभकरण में भयंकर युद्ध होता है। अंत में कुंभकरण मारा जाता है।

**मंचन**

**कुंभकरण, रावण से कहता है कि श्रीराम नारायण के अवतार और सीता स्वयं मां जगदंबा हैं।**

वध के बाद मेघनाद युद्ध में जाता है। इसके बाद मेघनाथ युद्ध का मोर्चा संभालता है और लक्ष्मण से युद्ध करता है। और अंत में लक्ष्मण मेघनाथ का वध कर देते हैं। मेघनाथ वध की सूचना पाकर सुलोचना रो पड़ती है और वह सती हो जाती है। सुलोचना सती का शानदार मंचन देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई।

लक्ष्मण वानरों की सेना समेत निकुमला देवी का यज्ञ विध्वंस कर देते हैं। लक्ष्मण मेघनाथ के बीच में भयंकर युद्ध होता है। बाद में लक्ष्मण मेघनाद का वध कर देते है। सुलोचना मेघनाथ का सिर गोद में रखकर सती हो जाती हैं। मंगलवार को लीला का यही पर विराम दिया गया।





**मास्टर जय किशन, चेयरमैन, आदर्श कला रचनात्मक संगठन**

**आदर्श नगर रामलीला का** भव्य मंचन टीवी व विभिन्न राज्यों के पेशेवर कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। आदर्श नगर की रामलीला को अगर एक शब्द में कहें तो लाजवाब। पूर्व कार्यकारिणी को बधाई जो वृह्द व भव्य स्तर पर रामलीला का आयोजन करते है।



**प्रकाश चंद अग्रवाल, प्रसिद्ध समाजसेवी**

**आदर्श नगर रामलीला का** भव्य मंचन टीवी व विभिन्न राज्यों के पेशेवर कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। लोग दूर-दूर से आदर्श नगर की रामलीला देखने आते हैं और तारीफ करते नहीं थकते। मैं पूरे कार्यकारिणी को भव्य व सफल रामलीला के लिए बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि आदर्श नगर की रामलीला इसी तरह भव्य रामलीला का आयोजन करेगी।




